भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 44
जिसका उत्तर सोमवार, 07 जुलाई, 2014 को दिया जाना है

सरकारी एवं निजी क्षेत्र के भारी उद्योग

44. श्री नागेन्द्र कुमार प्रधान:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षो के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों विशेषकर ओडिशा में स्थापित सरकारी एवं निजी क्षेत्र के भारी उद्योगों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस प्रकार के उद्योगों की स्थापना से विस्थापित हुए परिवारों की संख्या कितनी है;

(ग) इन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अब तक पुनर्स्थापित किए गए परिवारों की संख्या कितनी है; और

(घ) इन उद्योगों में अब तक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित किए गए व्यक्तियों की राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशेष रूप से ओडिशा में संख्या कितनी है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री पी. राधाकृष्णन)

(क) से (घ): चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित भारी उद्योगों के लिए विस्थापन/पुनर्वास, रोजगार आदि से संबंधित केन्द्रीकृत आंकडें इस विभाग में नहीं रखे जाते हैं।

*****